# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–09 मई 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के बाकी बचे चार चरणों के लिये चुनाव प्रचार में आई तेजी। जनता के बीच बढ़ी स्टार प्रचारकों की भागदौड़।
- लोकसभा चुनाव के अन्तिम चरण में प्रदेश की तेरह संसदीय सीटों पर नामांकन प्रक्रिया जारी। दो दिन में उन्नीस प्रत्याशियों ने भरे पर्चे।
- छठवें चरण के चुनाव में नाम वापसी की अन्तिम तारीख आज। जांच में खारिज हो गये हैं एक सौ बावन प्रत्याशियों के नामांकन पत्र।

**और**

- चौदह मई को वाराणसी में होगा पीएम मोदी का पर्चा दाखिला। नामांकन से पहले तेरह मई को करेंगे रोड–शो।

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीन चरणों में छब्बीस संसदीय सीटों पर मतदान पूरा होने के बाद चार चरणों में शेष बचे चौवन लोकसभा क्षेत्रों में राजनीतिक दलों का प्रचार अभियान तेज हो गया है। दलों के स्टार प्रचारक अपनी पार्टी के प्रत्याशियों के लिए जनता के बीच जाकर वोट देने की अपील कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कल लखीमपुर खीरी, हरदोई और कन्नौज में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। श्री शाह ने कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस आरक्षण खत्म करने की बात कहकर नरेन्द्र मोदी को बदनाम कर रही हैं। उन्होंने अपील की कि वे भाजपा को वोट दें क्योंकि यह चुनाव न सिर्फ नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए है, बल्कि केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने के लिए भी है।

इसी क्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अकबरपुर, फर्रूखाबाद और शाहजहांपुर लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं कीं। श्री योगी ने कहा कि तीन चरणों के मतदान से मिले रुझानों से स्पष्ट हो गया है कि भाजपा की सरकार बन रही है और विपक्ष चारों खाने चित्त हो गया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष इतना आहत है कि भारत विरोधी हरकतें करने लगा है।

उधर, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कल रायबरेली में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने रायबरेली के बछरावां इलाके में प्रचार किया और छोटी–छोटी जनसभाएं कीं। कांग्रेस महासचिव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा लोगों को गुमराह कर रही है। प्रियंका गांधी ने वादा किया कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आई तो आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मनरेगा कर्मियों की मजदूरी दोगुनी कर दी जाएगी।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कल शाहजहांपुर, फर्रूखाबाद और हरदोई में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं कीं। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा झूठे वादे करती है। भाजपा ने दस वर्ष में कोई वादा पूरा नही किया है। अखिलेश यादव ने सत्ता में आने पर युवाओं को संविदा की वजाय पक्की नौकरी देने का वादा किया। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कल हरदोई में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी बिना किसी सहयोग के इस चुनाव में जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में गरीब वर्ग की हालत काफी खराब हो गयी है। मायावती ने लंबे समय तक केन्द्र में सरकार चलाने वाली कांग्रेस पर भी निशाना साधा।

**********

लोकसभा चुनाव के प्रचार में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं की तरफ से एक दूसरे पर जारी वार–पलटवार के बीच आज कई लोकसभा क्षेत्रों में दलों के स्टार प्रचारक पहुंचेगें। स्टार प्रचारकों का फोकस चौथे और पाचवें चरण के चुनाव पर हैं। आज प्रदेश के अलग–अलग लोकसभा क्षेत्रों में होने वाली रैलियों और चुनाव प्रचार की अन्य गतिविधियों पर पेश है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

***रायबरेली के चुनाव को लेकर अहम रणनीति तैयार करने के मकसद से भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा आज शाम प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रहेंगे. वह लखनऊ, उन्नाव, मोहनलाल गंज और रायबरेली दपतअबींद क्षेत्रों के वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों की बैठक करेंगे। इसके साथ ही वह चौथे चरण के मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्रों के विधायकों और विधान परिषद सदयों की बैठक भी लेंगे। इन बैठकों से पहले वह फतेहपुर और चित्रकूट में चुनावी रैलियां को भी संबोधित करेंगे।***

***दूसरी ओर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव बहराइच, धौरहरा और लखीमपुर खीरी लोकसभा क्षेत्रों में प्रचार करेंगे. कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा भी आज रायबरेली संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रचार करेंगी। सुशील चन्द्र तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ***

**********

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में प्रदेश के तेरह संसदीय क्षेत्रों– महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, और राबर्ट्सगंज में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। नामांकन के दूसरे दिन कल कुल चौदह प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये। दो दिन में इन सीटों के लिये उन्नीस पर्चे भरे जा चुके हैं। कल नामांकन पत्र दाखिल करने वाले प्रमुख प्रत्याशियों में चंदौली संसदीय सीट से बसपा प्रत्याशी सत्येंद्र कुमार मौर्या और सलेमपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी रविंद्र कुशवाहा शामिल रहे।

**********

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में प्रदेश की चौदह सीटों के लिये नाम वापसी की आज अंतिम तारीख है। इस चरण के लिये दाखिल कुल दो सौ छानबे प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच में एक सौ बावन प्रत्याशियों के नामांकन खारिज कर दिये गये हैं। छठे चरण में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, भदोही और मछलीशहर संसदीय सीट के अलावा बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा उपचुनाव के लिये पच्चीस मई को मतदान होगा।

**********

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण की वाराणसी संसदीय सीट से भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार बतौर प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इसके लिए प्रधानमंत्री का दो दिवसीय दौरा तेरह मई और चौदह मई को प्रस्तावित है। पीएम मोदी के दौरे को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कल शाम पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। श्री मोदी नामांकन से एक दिन पूर्व वाराणसी में रोड–शो भी करेंगे। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट–

***भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगामी 13 और 14 मई को वाराणसी दौरा प्रस्तावित है, इस दौर में वह एक रोड–शो के अलावा 14 मई को अपना नामांकन भी दाखिल करेंगे। भाजपा के क्षेत्रीय प्रवक्ता नवरत्न राठी के अनुसार प्रधानमंत्री 13 मई को दोपहर में वाराणसी आ जायेंगे और शाम को रोड–शो करेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार देर शाम लंका से रवींन्द्रपुरी, सोनारपुरा, गोदौलिया होते हुए विश्वनाथ धाम तक उनका रोड–शो होगा। तब पश्चात रात्रि में काशी विश्वनाथ दर्शन करने के बाद अगले दिन 14 मई की सुबह वह बाबा काल भैरव का दर्शन करने के बाद वह नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान घटक दलों के नेता भी उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री के रोड–शो को देखते हुए घटक दलों के नेताओ को भी जिम्मेदारियां सौंपी गई है। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।***

**********

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षा में एक या दो विषयों में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिये कम्पार्टमेंट और इम्प्रूवमेंट परीक्षा के लिये आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। विद्यार्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर इकतीस मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। (डेस्क)

**********

वीरता शौर्य और पराक्रम की प्रतिमूर्ति माने जाने वाले महाराणा प्रताप की आज जयंती है। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों की तरफ से कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराणा प्रताप जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

**********

काफी दिनों तक भीषण गर्मी की चपेट में रहे प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से इधर कुछ दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। मौसम विभाग ने पूर्वी और पश्चिमी जिलों में आज बारिश और आंधी की चेतावनी जारी की है। इस बीच गोरखपुर और आसपास के जिलों में आज सुबह हल्की बारिश के बीच मध्यम हवाओं के चलने से तापमान में काफी गिरावट महसूस की गयी।

**********